# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



Sumeet Group

## "सफर 42 सालों का, रिश्ता उम्र भर का"



दिल से धन्यवाद!

सुमीत बाजार™ 42 ANNIVERSARY

**1984 से आज तक,** फैशन बदला है, ट्रेंड आए और गए हैं...
लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली – आपका भरोसा!
**चाहे त्यौहार हो, शादियाँ हो, या रोजाना पहनने वाले कपड़े हो**
बच्चों से लेकर बड़ों तक, हमने हर पीढ़ी को कपड़े पहनाए हैं.
आज हमारे 42 स्टोर्स हैं.
**हमें ये गर्व है कि दादा-दादी से लेकर पोता-पोती तक**
**हमारे परिधानों ने रिश्तों को सजाया है.**

**आइयेगा जरूर !**

***साथ में केक काटें, और मनाए 42 सालों के रिश्ते का जश्न !***
***शाम 6 बजे! आपका इंतज़ार रहेगा!***

सह-संस्थान - SUMEET JEWELLERS | SUMEET WHOLESALE | Shubham K Mart | SUMEET INFRACON | NEO MO

छत्तीसगढ़ – रायपुर – बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग भिलाई – सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग – स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) – गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ॥ उड़ीसा – खरियार रोड । नुआपाड़ा ॥ मध्यप्रदेश – बालाघाट । धामनोद

## खबर संक्षेप



### चिरपोटा हाईस्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन दस्तक अभियान

**मुंडा।** बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम पंचायत चिरपोटा के हाईस्कूल में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन दस्तक अभियान मनाया गया। इस दौरान गांव की सक्रिय महिला सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना और आगामी निवारण अभियान के लिए तैयार करना था। जागरूकता रैली में ग्राम पंचायत चिरपोटा की सक्रिय महिला सदस्य मंदाकिनी वर्मा, सुलेखा डहरिया, मालती सेन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से संक्रमित मादा एनाफिलीस मच्छर के काटने से फैलता है। इसके बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग आवश्यक है तथा आगामी 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए दीवार लेखन के माध्यम से भी संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य देवेंद्र कुमार सोनवानी, शिक्षक कृष्णकुमार वर्मा, कृष्णा पाण्डेय, प्रकाश कुमार पटेल जीवन लाल रजक, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फेकर आदि उपस्थित थे।

### शिविर में 11 यूनिट रक्तदान हुआ





**खरोरा ।** महाविद्यालय में संचालित यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा डीके एस सुपर स्पेशिलिस्ट हॉस्पिटल रायपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ शंपा चौबे एवं मुख्य अतिथि डॉ. गौरव तिवारी, सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र खरोरा, देवेन्द्र दुबे रेडक्रास ब्लड बैंक ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य चौबे ने कहा कि रक्तदान, नेत्रदान एवं अंगदान को महादान बताया। यह दान दूसरे मनुष्य को जीवन देता है। मृत्यु के पश्चात भी कोई मनुष्य कई लोगों की जान बचा सकता है। अतः हमें रक्तदान, अंगदान करना चाहिए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि द्वारा रक्तदान से पड़ने वाले प्रभाव, शरीर में होने वाले फायदे के बारे में बताया और स्वेच्छा से रक्तदान देने प्रोत्साहित किया। शिविर में कुल 11 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान करने वाले छात्र -छात्राओं को यूथ-रेडक्रास इकाई द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट, फल और प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन यूथ रेडक्रास प्रभारी श्रीमती अंशु ध्रुव, सहायक प्राध्यापक रसायन द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री रमेश साहू, डॉ. बाल्मीकि साहू, हिमान्शु ध्रुव, रचना मिश्रा, भगवती प्रसाद, चुलेश्वर साहू एवं अन्य कर्मचारी , छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र. 202602210100003 अ/59 वर्ष 2025-2026, ग्राम खजुरी प.ह.नं. 02

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संचालक उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ उद्योग भवन रिंग रोड नं. 01 तेलीबांधा रायपुर (छत्तीसगढ़) ने पत्र क्र. LAND/1572/2025 रायपुर दिनांक 02/02/2026 के माध्यम से नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु ग्राम- खजुरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. क्रमशः 376, 387, 388, 393/1, 546, 561, 562, 563, 569, 572, 573 रकबा क्रमशः 0.231, 0.607, 0.113, 3.837, 0.061, 0.364, 0.154, 0.567, 0.040, 0.202, 0.295 हेक्टेयर कुल खसरा नं. 11 कुल रकबा 6. 471 हेक्टेयर भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरण करने हेतु कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/02/ 2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया ।

(मुहर) **तहसीलदार बलौदाबाजार**

# हथबंध में मानसगान सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध



ग्राम नेवधा (हथबंध) में आयोजित पंच दिवसीय मानसगान सम्मेलन में मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविन्द वर्मा, सरपंच दुलेन्द्र साहू, महामंत्री प्रेमलता वर्मा, लीली वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, जनपद सदस्य अंजु बबलू पटेल, डोमार मारकंडे, खोमलाल साहू, धन्ना धनेश्वर निषाद, संतराम ध्रुव, प्रकाश पाल, संतराम ध्रुव, मूलचंद टंडन, मोनू, ठाकेश, अजय कुमार सरपार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही आयोजन समिति के अध्यक्ष रमऊ निर्मलकर, संचालक अवधराम वर्मा, कोषाध्यक्ष संतोषी सोनी, व्यवस्थापक कृपा राम साहू एवं समिति के समस्त सदस्य सक्रिय रूप से शामिल थे।

मानसगान के दौरान श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन होकर मानस श्रवण किया। मंत्री ने कहा कि सच्चे मन से किया गया श्रीरामचरितमानस का पाठ मानव जीवन को दिशा देता है और भक्त को प्रभु श्रीराम की असीम कृपा का पात्र बनाता है। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन पूर्णतः सफल एवं यादगार बन गया।

## भरूवाडीह में तीन दिवसीय सत्संग का समापन



**भवानीपुर।** ग्राम भरूवाडीह में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित हुआ और आध्यात्मिक अमृत वर्षा का लाभ उठाया। वही माता साहेब भुवन ज्योति द्वारा प्रवचन में जगन्नाथ पुरी की कथा और कबीर साहेब की महिमा के बारे में विस्तार से बताया कि जब समुद्र की लहरों से भगवान जगन्नाथ का मंदिर संकट में था, तब भगवान कृष्ण ने कबीर साहेब से भेंट की थी और कबीर साहेब की कृपा से ही मंदिर को डूबने से बचाया जा सका। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कबीर साहेब की अनंत शक्ति और महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान और मोक्ष संभव नहीं है। साथ ही, उन्होंने सामाजिक मूल्यों पर जोर देते हुए बताया कि घर के बुजुर्गों की सेवा ही असली पूजा है। विशाल भंडारा और आभार सत्संग के समापन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने आयोजकों को इस सफल और ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए बधाई दी। आयोजन समिति ने सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में प्रसारण सुनने लगाई गई थी एलईडी

# प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण सुना छात्र-छात्राओं ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से संबंधित विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से देखने और समझने के लिए विद्यालय में उचित एवं उपयुक्त दृश्य-श्रव्य सामग्री की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसमें एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर एवं ध्वनि प्रणाली के माध्यम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री के संदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षा को भय नहीं बल्कि सीखने और आत्ममूल्यांकन का अवसर मानना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं संगम कुमार मन्नाडे ने भी प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरे मनोयोग से तैयारी करने के सुझाव दिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री के विचारों को सीधे विद्यार्थियों तक पहुँचाकर उनके मन से परीक्षा का भय दूर करना तथा उन्हें आत्मविश्वास से भरपूर बनाना रहा।

### स्वच्छता से करें दिन की शुरुआत, स्वदेशी अपनाएं

**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलदार सिवनी में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यालय के 128 छात्र छात्राओं के साथ सात शिक्षक उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई। इनमें हरीश देवांगन, के पी सोनकेवरा, जगजीवन बांधे, हेमलता चंद्राकर, उर्मिला जायसवाल, देवेंद्र चंदन धनेश मांडले, अंजू बेलदार ,करिश्मा बेलदार, विक्की पाटले,अंजलि वर्मा,जागेश्वरी धीवर, वामनी वर्मा, आंचल पटेल, वन्दिता पाटले, रोशनी विश्वकर्मा वीणा वर्मा, इशिका पटेल, दिव्या विश्वकर्मा, खुशबू बेलदार,नेहा बेलदार, उमाभारती वर्मा, पायल घृतलहरे, नंदिनी यादव आदि उपस्थित रहे व मनोयोग से कार्यक्रम को सुनते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतिदिवस स्वयं के कर्तव्य की शुरुआत स्वच्छता से प्रारंभ की जानी चाहिए।हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना होगा। जिस दिन जिस विषय की पढ़ाई होनी है उसे पूर्व में पढ़कर आये, ताकि जब शिक्षक अध्यापन कार्य करें हमें सरलता से विषय वस्तु को समझने में सुविधा होगी और हमारी जिज्ञासा बढ़ेगी।



### अमसेना स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देखी प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा

**खरोरा।** प्रधानमंत्री द्वारा विगत 9 वर्षों से विभिन्न सार्वजनिक, प्रशासनिक और निजी संस्थानों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर परीक्षा के अनुभव को नया रूप देना और परीक्षा के मौसम को एक उत्सव के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। इस परीक्षा पे चर्चा को प्राचार्य डॉ. दिलीप झा के निर्देशन में गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमसेना में छात्र छात्राओं को टेलीविजन के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा तनाव मुक्त होकर आगामी परीक्षा की तैयारी किस प्रकार से कर सकते हैं इसकी जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शाला प्रबंध समिति एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



## सोनाखान कॉलेज में वाय आर सी के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

महाविद्यालय में संचालित यूथ रेड क्रॉस इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में सुश्री गायत्री बरिहा जिला पंचायत सदस्य बलौदा बाजार, सुंदर बाई बरिहा जनपद पंचायत सदस्य कसडोल, राजेन्द्र दीवान वंशज शहीद वीर नारायण सिंह व गजानन पटेल प्रभारी सरपंच ग्राम पंचायत सोनाखान आदि की उपस्थिति में हुआ। 6 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक स्थान शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर नजदीक मंच में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य अपन शरीर के हालात न जानना, बीमारी के पहिली पहचान करना, अऊ स्वस्थ जिये के तरीका सीखना। स्वास्थ्य परीक्षण व निदान करने हेतु जिला के स्थानीय विभिन्न जगहों से डॉ. विजय तिवारी सह-स्टाफ एनएमएस संजीवनी हॉस्पिटल कसडोल, डॉ. पूजा वर्मा सह- स्टॉप शासकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल गिरोधपुरी व डॉ. अंजनी रत्नाकर गंगा मल्टी स्पेशलिस्ट डेंटल हॉस्पिटल गिरोधपुरी जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परीक्षण व इलाज, निदान किये, साथ ही गंभीर मरीज को उच्च स्तरीय अस्पताल में दिखाने की समझाइश दी। इस प्रकार महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राएं व स्थानीय लोग पहुंच कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवायें और समुचित इलाज के साथ दिशा निर्देश प्राप्त किये। गंगा मल्टी स्पेशलिस्ट डेंटल हॉस्पिटल डॉक्टर द्वारा 28 लोगों का दांत परीक्षण जांच व निदान किये। एनएमएस संजीवनी अस्पताल के डॉक्टर द्वारा 73 लोगों की जांच की गई। साथ ही 42 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। शासकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल गिरोधपुरी के डॉक्टर पूजा वर्मा द्वारा 90 लोगों का आयुर्वेदिक इलाज के साथ दवाएं दिए एवं रोग प्रतिरोधक काढ़ा वितरण किये। यूथ रेडक्रॉस यूनिट के मार्गदर्शक संस्था प्रमुख प्राचार्य रूपचंद जोशी, दिशा निर्देशन हिंदी साहित्य के निर्वेश कुमार दीक्षित कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार साहू व सभी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीन दयाल जायसवाल, डॉ. शांति कुमार, पुरुषोत्तम, युगल किशोर कांतिकेश्वर रमेसर, ज्वाला प्रसाद व महाविद्यालय स्टाफ संतोष श्रीवास, मधुसूदन वर्मा, नित्यानंद बारिहा महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं का अमूल्य सहयोग रहा।

## उपभोक्ताओं को योजनाओं की दी गई जानकारी



**मुड़पार-सरसीवां।** छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत सरसींवा में उपभोक्ता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों एवं घरेलु उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग की जनहितकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गुलेचन बाई बंजारे एवं उपाध्यक्ष नरायण साहू आमंत्रित थे। इस अवसर पर जसवंत सिंह तारम सहायक अभियंता उपसंभाग भटगांव द्वारा किसान जीवन ज्योति योजना, बिजली बिल हाफ योजना एवं आवेदन की प्रक्रिया, पी.एम सूर्यघर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और इसी कड़ी में कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र सिंह कंवर वितरण केन्द्र सरसींवा के द्वारा किसानों को कृषि पंप कनेक्शन से संबंधित सुविधाओं, रियायत आवेदन प्रकिया को बताया गया एवं नियम पात्रता की जानकारी दी गई। ऊर्जा संरक्षण एवं विद्युत सुरक्षा, सावधानियां कैसे बरते इसके बारे में भी विस्तार से समझाया, विद्युत तारों से सुरक्षित दूरिया बनाये रखें इन पर जोर दिया। रजत महोत्सव के अवसर पर नियमित बिल प्रदाय करने वाले उपभोक्ताओं घरेलू, गैर घरेलू एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु सोलर पैनल स्थापित कर स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा का संरक्षण करने वाले उपभोक्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रीमियर लीग सीजन-2, विजेता टीम को मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



कुश की नगरी कसडोल में एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच का महासंग्राम देखने को मिलेगा। स्व. मोहरसाय अजय की स्मृति में आयोजित होने जा रहे कसडोल प्रीमियर लीग सीजन-2 की तैयारियां आयोजक समिति द्वारा पूरी कर ली गई हैं। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट के इस महाकुंभ को भव्य रूप देने की पूरी तैयारी की गई है। इसी क्रम में प्लेयर ऑक्शन की प्रक्रिया होटल पैलेस ऑफ पैराडाइज में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस ऑक्शन में लेफ्ट-हैंड ऑलराउंडर संजू खड़िया सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें 57 हजार की बोली लगाकर महाराजा इंडियन कसडोल टीम ने अपने नाम किया।

प्रीमियर लीग के संस्थापक विमल अजय ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर ही कसडोल में केपीएल का आयोजन किया जाता है। इस लीग में कुल 10 टीमों का पंजीयन होता है, जिनके अलग-अलग टीम ऑनर होते हैं। खिलाड़ियों का पंजीयन ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है और उसी आधार पर उनकी नीलामी की जाती है। नीलामी प्रक्रिया में टीम ऑनर, हेड कोच एवं टीम कप्तान द्वारा बोली लगाकर खिलाड़ियों को खरीदा जाता है।

उन्होंने बताया कि मुख्य टूर्नामेंट के लीग मैच मार्च माह में बोर्ड परीक्षाओं के समाप्त होने के बाद आयोजित किए जाएंगे। इस बार भी केपीएल को कई आकर्षक इवेंट्स के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, ताकि क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी इस लीग का भरपूर आनंद उठा सकें।

प्रतियोगिता के पुरस्कारों को लेकर भी खास आकर्षण रखा गया है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 1 लाख नकद एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 50 हजार नकद एवं कप प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रदान किए जाएंगे।

## पेज 3 के शेष

### रील के चक्कर में...

आशंका मजबूत होती है कि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। इन वायरल वीडियो में छात्रों का काफिला इस अंदाज में चलता दिखाई दे रहा है मानो किसी मंत्री या सीएम का काफिला गुजर रहा हो। तेज रफ्तार वाहन, नियमों की अनदेखी और स्टंटबाजी न केवल छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है बल्कि आम लोगों के लिए भी जोखिम पैदा कर रही है। जानकारी के अनुसार फेयरवेल पार्टी के दिन छात्र कारों और ट्रैक्टरों पर खड़े होकर बोनट पर बैठकर और खिड़कियों से बाहर लटकते हुए स्टंटबाजी करते दिखाई दिए। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जिले के अलग-अलग इलाकों से ऐसे वीडियो सामने आ चुके हैं।

### कोटवार को हटाने ...

कार्यालयों में कोई कार्य होता है तो वह खुले रूप से पैसे व शराब पिलाने की मांग करता है। ग्रामसभा की बैठक में ग्रामवासियों की बातों की अव्हेलना की जाती है। इस संबंध में तहसीलदार अनुराग भट्ट ने कहा कि ग्राम पंचायत कोलिहा के सरपंच एवं ग्रामीणों ने ग्राम के कोटवार दानीदास मानिकपुरी के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा हैं। निश्चित ही कोटवार के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों के समझाने पर भी वह समझने को तैयार नहीं है। कोटवार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इसके चलते ग्रामीण कोटवार दानीदास मानिकपुरी से परेशान हैं।

### होली पर गोंदिया...

(08863/08864) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशलयह ट्रेन गोंदिया एवं छपरा के मध्य एक फेरे के लिए संचालित की जाएगी। 08863 गोंदिया-छपरा होली स्पेशल 01 मार्च, को गोंदिया से 17.00 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनंदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, चुनार, वाराणसी, जौनपुर, केराकत, ओड़िहार, जंक्शन, गाजीपुर, बलिया, रेवती, बकुलहा, स्टापेज में रूकते हुए 3 मार्च, को सुबह 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी।

### बेल्दार-सिवनी में...

प्रकट किया और विधि-विधान से स्थापित किया। तभी से यहां नियमित पूजा-अर्चना होती आ रही है। द्वितीय दिवस आज को प्रातः 10 बजे से वेदी पूजन एवं आधिवास यज्ञ होगा, वहीं रात्रि 8 बजे से पूजा मानस परिवार, महासमुंद द्वारा भक्ति प्रस्तत किया गया। तृतीय दिवस 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से आंचल मानस परिवार रिकोकला एवं बलौदा बाजार द्वारा रामायण की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी।

### वनों की सुरक्षा ...

स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अन्य शासकीय कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्व सहायता समूहों के सदस्यों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक कार्यशाला में अधिक से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि वनाग्नि रोकथाम के लिए व्यापक जनभागीदारी विकसित हो सके और जिम्मेदारी सामूहिक रूप से निभाई जा सके। वनाग्नि की सूचना को समय पर साझा करने हेतु व्यापक स्तर पर ग्रामीणों का पंजीकरण कर फायर अलर्ट सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक गांव के अधिक से अधिक लोगों को इस अलर्ट व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी संभावित आग की स्थिति में स्थानीय स्तर पर तुरंत रोकथाम की जा सके।साथ ही, जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिनव उपाय अपनाए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखनएवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय समुदाय को वनाग्नि के दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर कोठारी एवं बारनवापारा परिक्षेत्रों को एक सफल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है, जहां पिछले तीन वर्षों में ग्रामीण सहभागिता और वन कर्मचारियों की सक्रियता के कारण आग की घटनाएं अत्यंत न्यूनतम रही हैं। इस मॉडल को अन्य परिक्षेत्रों में भी अपनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## किसानों ने सीखा कृषि की वैज्ञानिक तकनीकी



**गिरसानाला।** राज्य शासन कृषि विभाग के मंशानुरूप एवं उप संचालक कृषि के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण बिलाईगढ विकासखंड के ग्राम झुमका में एवं ग्राम धाराशिव में आयोजित किया गया। इसमें कृषकों को कम लागत में अधिक आमदनी लेते हुते वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करने का गुर सिखाया गया। रबि सीजन में ग्रीष्मकालीन धान की खेती छोड़कर गेहूं एवं दलहन तिलहन की खेती करने सुझाव दिया गया, ताकि कम पानी से अधिक रकबे में दो फसली खेती की जा सके। रबि फसलों की उचित प्रबंधन एवं आगामी खरीफ की तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना की किसान हितैशी योजनाओं का विस्तृत जानकारी देते हुए प्रत्येक किसानों को लाभ लेने अपील किये, साथ साथ कृषि विभाग से संचालित होने वाले योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, सौर सुजला, किसान समृद्धि, शाकम्भरी, जैविक खेती मिशन, कृषि यंत्रीकरण सहित दलहन तिलहन एवं रागी खेती विस्तार आदि की जानकारी दी गई। दोनों प्रशिक्षण के मौके पर प्रशिक्षक राजमहंत पी के घृतलहरे सेवा निवृत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृष्ण कुमार साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बीटी एम प्रकाश थवाईत, कृषि सभापति सोनी कुमार टंडन, जनपद सदस्य राजेन्द्र भारती, सरपंच झुमका धनंजय साहू, उप सरपंच विष्णु साहू, पंच राजेश रात्रे एवं कोमल साहू, मैदानी कृषि अधिकारी कुलदीप नायक, चैतराम बंजारे, उमेंद कुमार साहू, डॉ. नागेन्द्र वर्मा, संत पैंकरा, अश्वनी कैवत्य सहित कृषक बुधराम जांगड़े, रामप्रसाद साहू, आत्माराम साहू, तिलक जाटवर, मुनीराम साहू, भोजराम भारती, साहेब लाल, राधे साहू आदि शामिल रहे एवं प्रशिक्षण से प्रभावित हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

02 हथबंध में मानसगान सम्मेलन में शामिल...

04 मातृ सम्मेलन में 49 माताओं ने लिया हिस्सा




## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग ने चलाया राजस्व वसूली अभियान



पलारी। उप संभाग पलारी अंतर्गत बिजली विभाग द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाते हुए पलारी एवं संडी वितरक केंद्र के अधिकारियों द्वारा विशेष टीम बनाकर संडी वितरक केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सुंदरी स में बिजली बिल बकाया राशि वसूली एवं लाइन विच्छेद के कार्रवाई की गई, जिसमें नियमित भुगतान नहीं करने वाले 28 उपभोक्ताओं के सर्विस वायर विद्युत पोल से विच्छेद कर कार्रवाई की गई, जिसकी कुल बकाया राशि 279709 रुपए है। साथ ही अवैध कनेक्शन से विद्युत प्रयोग कर रहे उपभोक्ताओं की भी लाइन काटकर धारा 135/138 के तहत कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया गया। संभाग से टीम में मुख्य रूप से तुषार सुभ्र विश्वास सहायक अभियंता उप संभाग पलारी, भूपेंद्र चंद्रमा कनिष्ठ एंट्री संडी, दिलेश्वर ध्रुव, संजू साहू, दीपक खंडे, शुभम पात्रे, युगल किशोर जयसवाल, गिरधारी साहू, शिव वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### इंस्टाग्राम में युवती की फोटो अपलोड आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** युवती को बदनाम करने की नीयत से उसका प्राइवेट फोटो आदि इंस्टाग्राम में अपलोड करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि सिविल लाईन थाना



निवासी 29 वर्षीय आरोपी निखिल ठाकुर द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से उसका प्राइवेट फोटो शेयर किया गया है, जिससे उसके परिवार में उसकी छवि खराब हो रही है तथा उसकी बदनामी हो रही है। प्रार्थिया द्वारा मना करने पर भी आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देकर फोटो अपलोड की गयी है, जिससे प्रार्थिया मानसिक रूप से परेशान है। रिपोर्ट पर धारा 79,351(2) बीएनएस 67 आई.टी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी निखिल ठाकुर को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को बदनाम करने की नीयत से उसका प्राइवेट फोटो इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से शेयर करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सरिता ने पहले ही प्रयास में पास की नेट परीक्षा

बलौदाबाजार। जिले के ग्राम पैजनी की रहने वाली सरिता वर्मा ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट में बड़ी सफलता हासिल की है। सरिता ने यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में और एम.ए. (हिंदी) प्रथम वर्ष की छात्रा रहते हुए प्राप्त की है।



उनकी इस सफलता से पूरे ग्राम पैजनी और बलौदाबाजार जिले में हर्ष की लहर है। सामान्यतः छात्र एमए पूरा करने के बाद इस परीक्षा की तैयारी शुरू करते हैं, लेकिन सरिता वर्मा ने अध्ययनरत रहते हुए ही न केवल परीक्षा दी बल्कि उसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण भी किया। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि सही दिशा और दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता। अब सरिता सहायक प्राध्यापक असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी हैं।





**कार्रवाई :** कटगी में चार मामला दर्ज, 32 हजार जुर्माना वसूला गया

# रील के चक्कर में रिस्क, सरकारी स्कूलों के छात्र फेयरवेल पर कर रहे जानलेवा स्टंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ट्रेंड फॉलो करने के चक्कर में जेन-जी छात्र अपनी जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं। कसडोल विकासखंड सहित बलौदाबाजार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के एक के बाद एक वीडियो सामने आ रहे हैं, जिसमें वे फेयरवेल पार्टी के दौरान लग्जरी गाड़ियों और ट्रैक्टरों में खतरनाक स्टंट करते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। सरकार ने सरकारी स्कूल और आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जैसे संस्थान इस उद्देश्य से शुरू किए थे कि आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब तबके के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा मिल सके। लेकिन जब इन्हीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र लग्जरी गाड़ियों में आते नजर आते हैं तो यह स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। इससे यह ▸▸ शेष पेज 02 पर

**लग्जरी गाड़ियों से सरकारी स्कूलों में आते हैं छात्र**




#### सख्त कार्रवाई की मांग

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने सरकारी स्कूलों में अनुशासन, छात्रों की सामाजिक जिम्मेदारी और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। साथ ही स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के उद्देश्य और उसके क्रियान्वयन को लेकर भी बहस तेज हो गई है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में छात्र जानलेवा स्टंट कर रहे हैं। यदि समय रहते स्कूल प्रबंधन और प्रशासन द्वारा सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में ऐसी घटनाएं किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

#### आत्मानंद स्कूल से भी वीडियो वायरल

दूसरा मामला कसडोल स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से जुड़ा है। शनिवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी के बाद छात्र-छात्राएं तेज रफ्तार वाहनों में सवार होकर सड़क पर स्टंट करते नजर आए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि मामले में अभी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

#### छेछर से सामने आया ताजा मामला

तीसरी घटना ग्राम छेछर की है, जहां छात्रों द्वारा ट्रैक्टर और कारों में स्टंट करते हुए स्कूल पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना ने भी लोगों में नाराजगी और चिंता बढ़ा दी है।

#### कटगी में सामने आया पहला मामला

कटगी क्षेत्र में शासकीय स्कूल के छात्रों की फेयरवेल पार्टी के दौरान 15 से 20 लाख की लग्जरी गाड़ियों का उपयोग किया गया। बताया गया कि एक वाहन किराए पर लिया गया था, जबकि अन्य वाहन छात्रों के परिजनों के थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 16 बालिग छात्रों सहित कुल 26 वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन के तहत चार आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां वाहन मालिकों पर 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# 198 पौवा शराब जब्त 6 आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर में अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री करने वाले गिरोह का भांडाफोड़ पुलिस द्वारा किया गया। कार्रवाई करते हुए विधि से संघर्षरत 1 बालक, 4 महिला सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, सरोजिनी सोनवानी 45 वर्ष निवासी भगत सिंह वार्ड, सहोद्रा गेंडरे 43 वर्ष निवासी महासती वार्ड, गुलापा भारती 20 वर्ष निवासी भगत सिंह वार्ड, दीपाली टंडन 18 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना पलारी, गंगा प्रसाद सतनामी 23 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना पलारी और विधि से संघर्षरत एक बालक शामिल हैं।

पिछले कुछ समय से भाटापारा शहर में महिलाओं एवं अवयस्क बालकों के माध्यम से सुनियोजित योजना बनाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब की तस्करी कर, बिक्री करने की सूचना प्राप्त हो रही थी। भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा शहर में अवैध रूप से शराब की तस्करी, बिक्री करने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्र करना प्रारंभ किया गया। इसी बीच पुलिस टीम को भाटापारा में कुछ महिलाओं के अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री के कार्य में संलिप्त होने के संबंध में पता चला जिन्हें पकड़ा।

#### पकड़े गए आरोपियों में एक विधि से संघर्षरत बालक और महिलाएं भी शामिल

पुलिस टीम को उक्त महिलाओं को लिमतरा की ओर से भाटापारा शहर में अवैध रूप से शराब तस्करी कर, बिक्री करने हेतु लाए जाने का पता चला। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तरेंगा रोड भाटापारा में नाकाबंदी कर एक ई रिक्शा को रोका गया। इस दौरान उसमें 04 महिलाएं, एक पुरुष एवं एक विधि से संघर्षरत बालक सवार थे। ई-रिक्शा एवं उसमें बैठे सभी लोगों का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से कुल 198 पौवा देसी मसाला शराब कीमती 19,800 रुपए जब्त किया गया है। संपूर्ण प्रकरण में आरोपियों द्वारा एक विधि से संघर्षरत बालक के माध्यम से अवैध रूप से शराब की तस्करी करना पाया गया। प्रकरण में आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला- कि सभी आरोपी बस से लिमतरा होते हुए टेमरी नांदघाट गए, वहां से शराब लेकर आए और उनके द्वारा लिमतरा से ई-रिक्शा में सवार होकर थैले में शराब को रखकर भाटापारा शहर लाया जा रहा था। कि प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 78 किशोर न्याय अधिनियम, 95 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण विवेचना में है।

## कोटवार को हटाने सरपंच एवं ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिहा के सरपंच संतोष साहू एवं ग्रामीणजन शुक्रवार को बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर ग्राम के कोटवार दानीदास के विरुद्ध तहसीलदार अनुराग भट्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोटवार दानीदास द्वारा आये दिन शराब पीकर गाली गलौज कर गांव के शांत वातावरण को बिगाड़ने में तुला हुआ है। किसी भी ग्रामीण को शासकीय ▸▸ शेष पेज 02 पर

#### ग्रामीण कठोर कदम उठाने बाध्य होंगे

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी उक्त कोटवार के विरुद्ध ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा था, परन्तु उसके विरुद्ध अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके चलते हम लोग फिर से कोटवार के विरुद्ध ज्ञापन सौंपने आये हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है तो ग्रामीण कठोर कदम उठाने बाध्य होंगे।

## वृद्ध महिला से दुष्कर्म दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** शहर में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 64 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना उजागर हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता किराए के मकान में अकेली रहती थी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर मकान मालिक ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों में नयापारा आजाद चौक निवासी 45 वर्षीय श्याम और 64 वर्षीय मोहन शामिल हैं। शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

- मकान मालिक सहित एक अन्य आरोपी सिटी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

## होली पर गोंदिया से छपरा के लिए 2 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा होली पर्व पर गोंदिया से छपरा जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। होली के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए ये स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन स्पेशल ट्रेनों में गाड़ी संख्या (08863/08864) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशल, गाड़ी संख्या (08865/08866) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशल गाड़ी संख्या ▸▸ शेष पेज 02 पर

#### समय सारणी

- गाड़ी संख्या 08864 03 मार्च को 4.45 बजे छपरा से रवाना होकर, 4 मार्च को 11.00 बजे गोंदिया पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या (08865/08866) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशल,
- गाड़ी संख्या 08865 गोंदिया छपरा 2 मार्च को गोंदिया से 17.00 रवाना होकर 4 मार्च को सुबह 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 08866, 4 मार्च को छपरा से 4.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 5 मार्च को 11.00 बजे गोंदिया पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया के मध्य के स्टेशनों का ठहराव एवं समय सारणी भी गाड़ी संख्या (08863/08864) गोंदिया-छपरा-गोंदिया के अनुसार ही रहेगी।

**तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह**

# बेल्दार-सिवनी में अर्धनारीश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार, प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम बेल्दार-सिवनी में स्थित प्राचीन स्वयंभू बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार के बाद प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा। कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

बाबा अर्धनारिश्वर मंदिर निर्माण समिति के अनुसार यह शिवलिंग लगभग 200 वर्ष प्राचीन है। मान्यता है कि बाबा अर्धनारीश्वर ने एक भक्त को स्वप्न में दर्शन देकर भूमि के नीचे अपने होने का संकेत दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ खुदाई कर शिवलिंग को ▸▸ शेष पेज 02 पर



#### शिवलिंग ऋतुओं के अनुसार बदलता

इस प्राचीन शिवलिंग की विशेषता यह है कि इसका स्वरूप ऋतुओं के अनुसार बदलता हुआ प्रतीत होता है। वर्षा ऋतु में यह काला चिकना, शीत ऋतु में खुरदुरा तथा ग्रीष्म ऋतु में दो भागों में विभाजित रूप में दिखाई देता है, जिससे इसे स्वयंभू अर्धनारीश्वर के रूप में श्रद्धा से पूजा जाता है। मंदिर निर्माण समिति ने बताया कि मंदिर का पुराना भवन छोटा और जर्जर हो गया था, जिसके कारण ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का विस्तार कर भव्य जीर्णोद्धार कराया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पूजा-अनुष्ठान, रुद्राभिषेक एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है।

## वनों की सुरक्षा के लिए अग्नि सुरक्षा कार्यशाला आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वनों को अग्नि से होने वाली क्षति से बचाने तथा अग्नि सीजन 2026 के दौरान प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमण्डल में परिक्षेत्र एवं वनमण्डल स्तर पर अग्नि सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत वन अमले के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को वनाग्नि रोकथाम के प्रति जागरूक करना तथा आपसी समन्वय को मजबूत बनाना है, ताकि समय रहते आग की घटनाओं को रोका जा सके।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 फरवरी को बल्दाकछार परिक्षेत्र में 9 फरवरी को सोनाखान परिक्षेत्र में तथा 10 फरवरी को अर्जुनी परिक्षेत्र में अग्नि सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 11 फरवरी को बारनवापारा एवं कोठारी परिक्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जबकि 12 फरवरी को बलौदाबाजार परिक्षेत्र में कार्यशाला संपन्न होगी। 13 फरवरी को देवपुर में वनमण्डल स्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

इन कार्यशालाओं में वनरक्षक, वनपाल, उपवनक्षेत्रपाल, फायर वाचर्स, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ▸▸ शेष पेज 02 पर

- अलग-अलग तिथियों में परिक्षेत्र और वनमण्डल स्तर पर आयोजित की जायेगी कार्यशाला

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉडर-2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## आयोजन : कथा व्यास ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का दिया संदेश

# रामायण के समापन पर हुआ हवन, पूजन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी -रावण

ग्राम मोहड़ा में श्री नर्मदेश्वर महादेव महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय रामायण समारोह का भव्य एवं धार्मिक वातावरण में समापन हुआ। समापन अवसर पर विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया,

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरे पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 'स्वाहा-स्वाहा' का गुंजन सुनाई देता रहा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।रामायण समारोह का आयोजन 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 5 फरवरी तक चला। इन पांच दिनों तक प्रतिदिन रामकथा का वाचन किया गया, जिसमें कथा व्यास ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन भी हुए, जिससे श्रोताओं में गहरी आस्था और श्रद्धा देखने को मिलीसमापन दिवस पर पंडाल में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में नारियल, घी, फल एवं हवन सामग्री से आहुतियां दीं और परिवार तथा गांव की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। धार्मिक ग्रंथों का पूजन कर आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। श्री नर्मदेश्वर महादेव महिला समिति की सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। समिति द्वारा यह कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न कराया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन से गांव में सकारात्मक माहौल बनता है और नई पीढ़ी को संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है।समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और एकता बनी रहे।



## मुंडा में नवधा रामायण प्रतियोगिता आज

मुंडा। जिला मुख्यालय से महज 14 किलोमीटर दूर मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा सड़क पार में 30 जनवरी से आयोजित अखंड नवधा रामायण समारोह के नौवें दिन 7 फरवरी की रात्रि में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। वहीं 8 फरवरी को हवन पूजन के साथ शाम को सहस्त्रधारा के साथ नवधा रामायण कार्यक्रम का समापन होगा। 8 फरवरी की सुबह विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार



वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश रजक कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा उपाध्यक्ष पोखराज साहू ने बताया कि रामायण प्रतियोगिता कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर ली गई है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए लक्ष्मी किराना स्टोर्स एवं कमलेश रजक गोपाल साहू परमेश्वर साहू द्वारा, तृतीय पुरस्कार 7001 रूपये रूपेंद्र वर्मा गणपति ट्रेडर्स द्वारा चतुर्थ पुरस्कार 6001 रूपये विकास अग्रवाल भाजपा युवा नेता द्वारा, पंचम पुरस्कार 5001रुपए सोनू वर्मा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक द्वारा, षष्ठम पुरस्कार 4001रूपये सुश्री शशिकला पांडेय सरपंच मुंडा द्वारा, सप्तम पुरस्कार 3001 रूपये तरुण वर्मा ट्रैक्टर्स रेती गिट्टी सप्लायर अष्टम 2001 रूपये डॉ धीरेंद्र वर्मा सुपर मल्टी स्पेशलिटी दांतघर द्वारा, नवम पुरस्कार 1501 रुपए स्व. पार्वती वर्मा की स्मृति में पुत्र महेश्वर वर्मा द्वारा दशम पुरस्कार 1001रुपए स्व. फुलेता बाई वर्मा की स्मृति में नाती दुष्यंत वर्मा द्वारा दिया जाएगा। वहीं एक से दस तक के विजेताओं को शील्ड लाला पान सेंटर मुंडा द्वारा दिया जाएगा।

## मानसगान प्रतियोगिता में ममता मानस मंडली प्रथम



मुंडा। ग्राम परसापाली में चल रहे अखंड नवधा रामायण में रामायण समिति द्वारा 4 फरवरी बुधवार को मानसगान प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ 9 बजे रात्रि में किया गया, जिसमें कुल 20 मानस मंडली ने अपना नाम दर्ज कराया और 15 मानस मंडली द्वारा उपस्थित होकर अपना प्रस्तुति दी। प्रत्येक मानस मंडली के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया। अपना-अपना गायन वाटिका कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक टोली में चार सदस्य अनिवार्य थे, जिसमें प्रथम ईनाम प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव जिला पंचायत सदस्य बलोदा बाजार 10001 रुपए व शील्ड, राम दरबार की फोटो प्रशस्ति पत्र से ममता मानस मंडली कोरबा को सम्मानित किया। दूसरा इनाम भुनेश्वरी यादव सरपंच ग्राम पंचायत परसापाली 9001 रुपया शील्ड प्रशस्ति पत्र विनीता मानस मंडली को, तीसरा इनाम नवधा रामायण समिति द्वारा 8001 रुपए शील्ड प्रशस्ति पत्र जय भोले शंकर मानस मंडली रिसदा, चौथा इनाम सरिता जायसवाल प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य भाजपा महिला मोर्चा कसडोल द्वारा 7001 अनीता मानस मंडली वेद परसदा को शील्ड वा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पांचवा इनाम जयप्रकाश वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला परसा पाली द्वारा 6001 रुपया शील्ड से ओमनी मानस मंडली नारायणपुर, छठवा इनाम रामकृपा नवयुवक कीर्तन मंडली द्वारा 5051 रुपए शील्ड से सूर्य प्रकाश मानस मंडली कोयदा, सप्तम इनाम झेरिया यादव समिति परसा पाली 4001 रुपया व शील्ड से महिला मानस मंडली मुढीपार, आठवां पुरस्कार सुश्री हेमप्रभा वर्मा इंजीनियर 2001 रुपए शील्ड से सत सत धाम आश्रम सोनलोहरसी, नवम इनाम विष्णु दास मानिकपुरी फोटो स्टूडियो परसा पाली 2501 रुपए शील्ड बालिका मानस मंडली खैढा, दसवां इनाम न्यू लुक टेलर्स द्वारा 2001 रुपए शील्ड सीताराम मानस मंडली चांटी पाली, 11 वां इनाम महिपाल वर्मा 1551 रुपए व शील्ड कमलेश मानस मंडी कटिया टायर, 12वा इनाम स्व. फेकन बाई द्वारा 1001 रुपए शील्ड प्रेम बाई मानस मंडली मडकडी, तेरवा इनाम श्याम बाई यादव पंच द्वारा 1001 रुपया व शील्ड किशन लाल मानस मंडली मरदा व रामायण समिति द्वारा दिया गया। संतावना पुरस्कार हरि ओम मानस मंडली सूढेला, रामगोपाल मानस मंडली मडकडी, जय महामाया मानस मंडली साबर को प्रदान किया गया।

■ प्रतियोगिता में अंचल की 20 मानस मंडलियों ने लिया था हिस्सा

## खबर संक्षेप

### कुर्मी मंगल भवन में बसंत उत्सव कल

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बलौदाबाजार के तत्वाधान में 8 फरवरी को रिसदा रोड स्थित कुर्मी मंगल भवन में बसंत उत्सव कार्यक्रम रखा गया है, जहां नगर में समस्त स्वजातियों के घर आमंत्रण कार्ड संप्रेषित कर सपरिवार आमंत्रित किये गये हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोड़सराम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, अध्यक्षता सुनीता वर्मा राज प्रधान छ.ग.म.कु.क्ष.समाज बलौदाबाजार राज, विशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

### सशिमं में हुआ शिशु नगरी कार्यक्रम



**खरोरा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिशु नगरी कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. असी दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश साहू, देवप्रकाश तथा प्राचार्य अश्विनी पाटकर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इस दौरान खेल - मेंढक दौड़, अक्षर दौड़, शब्द दौड़, त्रितंगी दौड़, टायर दौड़, रंग दौड़, रंगमंचीय कार्यक्रम वेशभूषा तथा माताओं का खेल हुआ। इस कार्यक्रम में 150 छात्र-छात्राओं तथा 50 माताएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### देव प्रसाद बने पेंशनर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष

**सेल।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा कसडोल के पदाधिकारियों का चुनाव 5 फरवरी को संपन्न हुआ। इसमें देव प्रसाद साहू कोटियाडीह निवासी को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। साथ ही तहसील स्तर में कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें संरक्षक अरुण कुमार मिश्रा



रामकृष्ण मिश्रा एवं आत्माराम साहू, संयोजक शिवकुमार मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद साहू, रामभरोस साहू, दामोदर प्रसाद साहू, मोतीदास मानिकपुरी, पन्नालाल टंडन, कोषाध्यक्ष छत्तूराम साहू, सचिव गजाधर प्रसाद साहू, सह सचिव ठाकुर राम श्रीवास, संगठन सचिव दुखुराम साहू, रघुनंदन प्रसाद साहू, सलाहकार गंगाराम कैवर्त्य, सोमरथ साहू, अंकेक्षक भरतलाल साहू, गंगाप्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी फिरतुराम साहू चुने गए। इनके अतिरिक्त अन्य 15 कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है एवं महिला मोर्चा का गठन किया जाना शेष है। अध्यक्ष देवप्रसाद साहू को प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ यशवंत दीवान जिलाध्यक्ष एस. एम. पाध्ये, तहसील बलौदाबाजार अध्यक्ष शत्रुहन दास पड़वार डीपी जैन पूर्व प्रांताध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू जिलाध्यक्ष महासमुंद आरडी साहू, पूर्व जिला कोषालय अधिकारी बलौदाबाजार किशोर कुमार दुबे ने बधाई दी।

### नशीली दवा का परिवहन कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नशीली दवा का परिवहन कर रहे एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 5 फरवरी सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक मोटर सायकल में एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट लेकर सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने फॉरेस्ट नाका सिरपुर के पास उसे पकड़ा।




# विद्युत केंद्र सण्डी ने मनाया छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत सण्डी वितरण केंद्र में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिधियों, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य महेंद्र साहू जिला महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा, मिथिलेश मुकेश साहू मंडल अध्यक्ष, भाजपा सण्डी, मुकेश साहू अध्यक्ष, ससाहा सोसायटी, गोपाला वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, डुलेश्वर वर्मा अध्यक्ष, गिर्रा सोसायटी, हिमांशु वर्मा अध्यक्ष, खरतोरा सोसायटी, संतोष वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, युगल किशोर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्युत विभाग की ओर से सहायक यंत्री तुषार शुभ्र बिस्वास अपने पलारी उपसंभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बिल भुगतान करने एवं ऊर्जा संरक्षण की अपील की। वहीं कृषक जीवन ज्योति योजना एवं एकल बत्ती योजना के अंतर्गत लाभान्वित उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ऐसे घरेलू एवं गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने नियमित रूप से अपने विद्युत देयों का भुगतान कर अनुशासन एवं जिम्मेदारी का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्युत विभाग की ओर से सहायक यंत्री तुषार शुभ्र बिस्वास अपने पलारी उपसंभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से समय पर विद्युत बिल भुगतान करने एवं ऊर्जा संरक्षण की अपील की।

■ नियमित विद्युत बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं का किया गया सम्मान

# मातृ सम्मेलन में 49 माताओं ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चौरेंगा में शिक्षा के महत्व बताने एवं शिक्षा के प्रति माताओं को जागृत करने के उद्देश्य से मातृ सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु चलाये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसमें निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, निःशुल्क गणवेश, प्रधानमंत्री पोषण आहार, महतारी दुलार योजना तथा राज्य छात्रवृत्ति योजना प्रमुख हैं। माताएं अपनी कुछ समस्याओं पर खुलकर चर्चा कर सके इसके लिए अंगना मा शिक्षा की नोडल नीलम वर्मा को आमंत्रित किया गया था। कुछ माताओं ने अपनी बातें बिना झिझक के रखीं भी। सम्मेलन में प्रबंध समिति की अध्यक्षा अहिल्या बाई चौहान सहित 49 माताओं ने भाग लिया।

# मोहरा में शाला प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से अध्यक्ष व शिक्षाविद चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी -रावण

विद्यालयों में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन की प्रक्रिया के तहत पूर्व माध्यमिक शालामोहरा में बैठक आयोजित कर किया गया। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित नियमों व दिशा-निर्देशों का पालन करते हुएसमिति गठित की गई। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों तथा विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से सनत कुमार वर्मा को समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि श्रीराम वर्मा को शिक्षाविद सदस्य के रूप में चयनित किया गया। इसके अलावा समिति में मालिक राम वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, हीरालाल सरसीहा को सदस्य बनाया गया। महिला सदस्यों के रूप में पुष्पा सोनी, चंद्रिका गेन्द्रे, पूजा फेकर, टेटकी वर्मा, रेखा वर्मा, लुरबाई घृतलहरे, लक्ष्मी वर्मा, प्रेमलता वर्मा तथा रत्न। वर्मा को शामिल किया गया। बैठक में विद्यालय की ओर से प्रधान पाठक चोवाराम वर्मा एवं मार्कंडेय कैवर्त्य (प्रभारी प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा) भी उपस्थित रहे और उन्होंने समिति के दायित्वों एवं भूमिकाओं पर प्रकाश डाला।



### राजनीति से दूर रहकर शिक्षा हित में कार्य करने की अपील

नव-निर्वाचित अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा ने कहा कि समिति का उद्देश्य विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण तैयार करना तथा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। अध्यक्ष ने सभी शिक्षकों और सदस्यों से आग्रह किया कि वे आपसी सामंजस्य बनाकर, राजनीति से दूर रहते हुए, शिक्षा के हित में ईमानदारी से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही समिति की प्राथमिकता होगी और इसकेलिए सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में विद्यालय के विकास, नियमित समीक्षा बैठकें करने, शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने तथा शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। इस तरह शाला प्रबंधन समिति के गठन के साथ मोहरा विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




# वार्षिकोत्सव में शामिल हुए शिवरतन शर्मा और नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामसागरपारा में वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक एवं अध्यक्षता अश्विनी शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष व्यास नारायण यदु, रामसागर वार्ड के पार्षद नरेंद्र यदु एवं शाला विकास समिति के सदस्य नारू सेन शेषनारायण यदु एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। समस्त अतिथि का शाला परिवार के सदस्यों, छात्र प्रतिनिधि द्वारा फूलमाला बुके एवं बेच लगाकर स्वागत किया।

प्राचार्य लक्ष्मी यदु ने समस्त अतिथियों एवं पालकों का छात्र-छात्राओं ने उत्साह वर्धन करते हुए शाला प्रतिवेदन का वाचन किया। व्यास नारायण यदु एवं प्राचार्य द्वारा शाला प्रतिवेदन मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष को सौंपा गया। शाला की रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेते हुए मुख्य अतिथियों ने छात्रों को बधाई एवं परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने प्रेरित किया। इस दौरान शाला भवन की कमी एवं अन्य आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए मुख्य शिवरतन शर्मा द्वारा संचालन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की समापन प्राचार्य लक्ष्मी यदु द्वारा किया गया।

## कार्य आयोजना आधारित वानिकी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निर्देश दिए

# पीसीसीएफ ने वनमंडल के वानिकी कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुश्रवण मूल्यांकन एवं प्रभारी रायपुर वृत्त कौशलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत संचालित विभिन्न वानिकी कार्यों का मैदानी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवपुर परिक्षेत्र में चल रहे एससीआई कूप एवं बांस कूप के कार्यों का अवलोकन किया तथा मौके पर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्य आयोजना के अनुरूप क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्य आयोजना आधारित वानिकी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मैदानी स्तर पर वैज्ञानिक प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिये।

सोनाखान परिक्षेत्र अंतर्गत कराए गए कूप मार्किंग कार्य एवं अन्य विभागीय कार्यों का आरडीएफ में भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न कार्यों को विभिन्न तकनीकी मानकों के अनुरूप संपादित किया जाना है, इस संबंध में अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये।उन्होंने विशेष रूप से बांस वर्किंग कूप में बांस विदोहन से संबंधित तकनीकी बारीकियों को विस्तारपूर्वक समझाया तथा एससीआई एवं आईडब्ल्यू सी वर्किंग सर्किल अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की उपयोगिता, प्रक्रिया एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डीएफओ गणवीर धम्मशील,प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू, अभिनव शर्मा,उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत पदस्थ समस्त प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

